राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

- पीएम मोदी ने सभी शहरों को कचरा मुक्त और पानी सुरक्षित बनाने की आकांक्षा के साथ **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U 2.0)** और **अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत 2.0)** के दूसरे चरण को लांच किया
- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के **प्रयागराज में** महीने भर चलने वाले **स्वच्छ भारत कार्यक्रम** की शुरुआत की
- **एयर मार्शल संदीप सिंह** ने भारतीय वायुसेना के **वाइस चीफ** के रूप में कार्यभार संभाला
- **वाइस एडमिरल अधीर अरोड़ा** ने भारत सरकार के **मुख्य हाइड्रोग्राफर** के रूप में कार्यभार संभाला
- सरकार ने **SDRF (राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष)** के केंद्रीय हिस्से के रूप में 23 राज्यों को **7,274 करोड़ रुपये** जारी करने की मंजूरी दी
- **उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू** ने वरिष्ठ नागरिकों को **वयोश्रेष्ठ सम्मान-2021** प्रदान किया
- उपराष्ट्रपति ने **अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस** के अवसर पर पोर्टल – **SAGE (Seniorcare Aging Growth Engine)** और **SACRED (Senior Able Citizens for Re-Employment in Dignity)** लांच किया
- राष्ट्रीय स्वैच्छिक **रक्तदान दिवस । अक्टूबर** को मनाया गया
- **चाचा चौधरी** को **नमामि गंगे कार्यक्रम** का **शुभंकर** घोषित किया गया
- पश्चिम बंगाल की **मुख्यमंत्री ममता बनर्जी** ने **58,832 वोटों** के अंतर से **भबनीपुर** सीट जीती
- केंद्रीय मंत्री **मनसुख मंडाविया** ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में **ड्रोन द्वारा COVID-19 वैक्सीन** की डिलीवरी लांच की
- **रक्षा मंत्रालय ने 2022 गणतंत्र दिवस** समारोह के लिए वेबसाइट **(www.indianrdc.mod.gov.in)** लॉन्च की
- उपराष्ट्रपति ने **मेघालय की राजधानी शिलांग** को दावकी शहर से जोड़ने वाली सड़क के **अपग्रेडेशन की आधारशिला** रखी
- उपराष्ट्रपति ने **असम की राजधानी गुवाहाटी** में महाबाहु **ब्रह्मपुत्र नदी विरासत केंद्र** का उद्घाटन किया
- **"तारक मेहता का उल्टा चश्मा"** धारावाहिक में **"नट्टू काका"** की भूमिका निभाने वाले **घनश्याम नायक का निधन**, कैंसर से थे पीड़ित
- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में **प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U)** के **75,000 लाभार्थियों** को चाबियां सौंपी
- प्रधानमंत्री ने लखनऊ में **' Azadi@75 -New Urban India: Transforming Urban Landscape'** सम्मेलन-एक्सपो का उद्घाटन किया

- *स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने यूनिसेफ के वैश्विक प्रमुख प्रकाशन* ***"The State of the World's Children 2021; On My Mind: promoting, protecting and caring for children's mental health"*** *का विमोचन किया*
- *स्वास्थ्य मंत्रालय ने* ***5 से 10 अक्टूबर तक 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान सप्ताह'*** *लांच किया*
- ***विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला*** *ने कोलंबो में श्रीलंका के* ***राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे*** *से मुलाकात की*
- ***भारत-जापान समुद्री द्विपक्षीय*** *अभ्यास का 5वां संस्करण* ***6 से 8 अक्टूबर*** *तक* ***अरब सागर में*** *आयोजित किया जाएगा*
- *केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित किए जाएंगे* ***75 साइंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब***
- *सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों को बचाने और उन्हें* ***सुनहरे घंटे (golden hour)*** *के भीतर अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को सम्मानित करेगी*
- *रामानंद सागर की* ***'रामायण'*** *में* ***रावण की भूमिका निभाने*** *के लिए जाने जाने वाले अभिनेता* ***अरविंद त्रिवेदी*** *का मुंबई में* ***82 वर्ष की*** *आयु में* ***निधन***
- *PM ने* ***PM CARES फंड*** *के तहत स्थापित* ***35 PSA ऑक्सीजन प्लांट*** *का उद्घाटन किया*
- *सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से* ***प्रमोशन में कोटा के मानदंड तय*** *करने को कहा*
- *सर्वोच्च न्यायालय ने दिसंबर में लड़कियों को* ***राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज*** *में प्रवेश के लिए* ***प्रवेश परीक्षा देने की*** *अनुमति दी*
- *सुप्रीम कोर्ट ने* ***EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)*** *कोटा के लिए* ***₹8 लाख*** *की आय सीमा पर सवाल उठाया*
- ***भारत और नेपाल सीमा*** *पार* ***अपराध को नियंत्रित*** *करने के लिए संयुक्त गश्त करेंगे*
- *भारत* ***High Ambition Coalition (HAC) for Nature and People*** *में शामिल हुआ, जिसका उद्देश्य 2030 तक पृथ्वी के* ***30%*** *की रक्षा करना है*
- *रेलवे ने बढ़ाई* ***कोविड गाइडलाइंस,*** *बिना मास्क के यात्रियों पर* ***500 रुपये का जुर्माना***
- *यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल* ***इंडिया आइडियाज*** *समिट आयोजित किया गया*

आर्थिक करेंट अफेयर्स

- ***24 सितंबर*** *को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार* ***997 मिलियन डॉलर घटकर 638.646 बिलियन डॉलर*** *पर पहुंचा*
- *पिरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (PEL) ने* ***₹14,700 करोड़ दिवालिया दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (DHFL)*** *का अधिग्रहण किया*

- *विद्युत मंत्रालय ने अंतर-राज्यीय पारेषण प्रभारों की पारेषण प्रणाली योजना, विकास और रिकवरी को विनियमित करने के लिए **विद्युत नियम 2021** जारी किये*
- *SBI और भारतीय नौसेना ने विमानवाहक पोत **आईएनएस विक्रमादित्य** पर **SBI का NAV-eCash कार्ड लॉन्च** किया*
- *भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) द्वारा **14-27 नवंबर** तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा **40वां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2021***
- *रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने **DRDO की 'डेयर टू ड्रीम 2.0'** प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए*
- *सरकार ने दूरसंचार सेवा क्षेत्र में स्वचालित मार्ग के तहत **100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** को अधिसूचित किया*
- *कैबिनेट ने **7 मेगा टेक्सटाइल पार्क** स्थापित करने के लिए **4,445 करोड़ रुपये** के **पीएम मित्र (PM Mega Integrated Textile Region and Apparel)** योजना को मंजूरी दी*
- *कैबिनेट ने **11 लाख** से अधिक अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को **78 दिनों के वेतन के बराबर** बोनस को मंजूरी दी*
- ***असम सरकार** ने भारत का पहला **ई-फिश मार्केट** एप्प **'फिशवाले'** लॉन्च किया*
- *फिच ने भारत के वित्त वर्ष 22 के **सकल घरेलू उत्पाद** के अनुमान में **8.7% की कटौती** की*
- *विश्व बैंक ने भारत के **2021-22** के विकास अनुमान को जून के पूर्वानुमान से **8.3% पर** अपरिवर्तित रखा*
- ***GST मुआवजे** की कमी को पूरा करने के लिए **केंद्र ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों** को **40,000 करोड़ रुपये** जारी किए*
- ***रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड** के चेयरमैन मुकेश अंबानी **92 अरब डॉलर** की संपत्ति के साथ **फोर्ब्स इंडिया** की अमीरों की सूची में सबसे **ऊपर***

अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

- ***अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर** को मनाया गया*
- ***7वां G-20** संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन **7-8 अक्टूबर** को **रोम, इटली में** आयोजित किया जाएगा*
- ***भारतीय विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला** ने **श्रीलंका त्रिंकोमाली** के बंदरगाह जिले में **तेल भंडारण** सुविधा का दौरा किया*
- *अमेरिका बेस्ड **वैज्ञानिक डेविड जूलियस और अर्डेम पटापाउटियन** को **चिकित्सा में नोबेल पुरस्कार** से सम्मानित किया गया*
- ***विश्व पशु दिवस 4 अक्टूबर** को मनाया गया*

- ***विश्व पर्यावास दिवस 4 अक्टूबर*** *को मनाया गया*
- ***विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 4 से 10 अक्टूबर*** *तक मनाया जा रहा है;* ***थीम: "अंतरिक्ष में महिलाएं"***
- *रूस ने पहली* ***बार पनडुब्बी*** *से त्सिरकोन (जिरकोन)* ***हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल*** *का परीक्षण किया*
- ***जापान*** *की संसद ने* ***फुमियो किशिदा*** *को* ***नए प्रधानमंत्री*** *के रूप में चुना*
- ***इथियोपिया*** *के* ***अबी अहमद*** *ने* ***दूसरे पांच साल के कार्यकाल*** *के लिए* ***प्रधानमंत्री*** *के रूप में शपथ ली*
- *जटिल* ***भौतिक प्रणालियों*** *पर काम करने के लिए* ***जापान (स्युकुरो मानेबे), जर्मनी (क्लॉस हैसलमैन) और इटली (जियोर्जियो पेरिस)*** *के वैज्ञानिकों को* ***भौतिकी का नोबेल पुरस्कार*** *प्रदान*
- *विश्व शिक्षक दिवस* ***5 अक्टूबर*** *को मनाया गया*
- *इंटरपोल ने सोशल मीडिया पर 4 से 22 अक्टूबर तक* ***ऑनलाइन साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान*** *शुरू किया*
- *नोबेल रसायन पुरस्कार जर्मनी के* ***बेंजामिन लिस्ट*** *और अमेरिका के* ***डेविड डब्ल्यूसी मैकमिलन*** *को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया*
- *अविश्वास मत के बाद रोमानियाई सरकार गिर गई;* ***पीएम फ्लोरिन सीटू*** *ने इस्तीफा दिया*
- *तंजानिया के उपन्यासकार अब्दुलराजाक गुरनाह को* ***साहित्य में 2021 का नोबेल पुरस्कार प्रदान*** *किया गया*
- *विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने* ***मलेरिया रोधी पहले टीके 'RTS,S'*** *को मंजूरी दी*
- *पहला विश्व कपास दिवस* ***7 अक्टूबर*** *को मनाया गया*
- *पाकिस्तान के* ***बलूचिस्तान प्रांत*** *में* ***भूकंप*** *से 22 की मौत, 300 से ज्यादा घायल*

खेल-कूद करेंट अफेयर्स

- *दोहा में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप:* ***दक्षिण कोरिया (पुरुष) और जापान (महिला)*** *ने टीम स्पर्धाओं में* ***स्वर्ण पदक*** *जीता*
- *दोहा में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने पुरुष युगल में* ***दो कांस्य पदक*** *जीते*
- *रूस ने स्पेन में* ***FIDE वर्ल्ड महिला टीम शतरंज*** *का खिताब जीता*
- *एफसी गोवा ने* ***मोहम्मडन स्पोर्टिंग*** *को फाइनल में 1-0 से हराकर कोलकाता में* ***डूरंड कप फुटबॉल*** *खिताब जीता*
- ***ओस्लो****, नॉर्वे में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप:* ***अंशु मलिक*** *ने महिलाओं के* ***57 किग्रा में रजत पदक जीता;*** *सरिता मोर ने महिलाओं की* ***59 किग्रा प्रतियोगिता में कांस्य*** *जीता*